

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 10 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 29 अप्रैल 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# पेंचव्हेली एवं पातालकोट को सांसद बिसेन एवं विधायक दिनेश राय ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## पेंचव्हली एवं पातालकोट के सिवनी प्रथम आगमन पर हुआ ऐतिहासिक स्वागत





सिवनी यशोः- शुक्रवार 28 अप्रैल को इंदौर से सिवनी पेंचव्हेली ऐ सप्रेस एवं फिरोजपुर से सिवनी पातालकोट ऐ सप्रेस का प्रथमबार सिवनी आगमन के साथ इन दोनों ट्रेनों की भी नियमित सेवाएँ प्रारंभ हो गयी। दोनों ऐ सप्रेस गाड़ियों के प्रथम आगमन पर बालाघाट सांसद डॉं. ढालसिंह बिसेन एवं सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित भाजपा एवं कांग्रेस के पदाधिकारियों कार्यकर्त्ताओं के साथ आमजनता ने सिवनी रेल्वे स्टेशन पहुँचकर सिवनी को मिली नई सौंगातों का स्वागत किया।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि पेंचवेली एवं पातालकोट ट्रेनों का संचालन अभी तक छिंदवाड़ा तक ही होता था सिवनी ब्राडगेज लाईन पर 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रीवा से रीवा इतवारी ऐ सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाते हुये नैनपुर छिंदवाड़ा एवं छिंदवाड़ा नैनपुर ट्रेनो को वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर नैनपुर से छिंदवाड़ा ब्राडगेज लाईन का शुभारंभ किया था। इस शुभारंभ के साथ ही सिवनी का सीधा संपर्क दिल्ली भोपाल एवं इंदौर से रेल मार्ग के माध्यम से जोड़ने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया था। उसी योजना के तहत पेंचव्हेली एवं पातालकोट ट्रेनों की सेवाओं को सिवनी तक विस्तारित किया गया है।

इंदौर से सिवनी पेंचव्हेली ऐ सप्रेस प्रातः 5:30 बजे सिवनी पहुँची एवं फिरोजपुर से सिवनी पातालकोट ऐ सप्रेस निर्धारित समय 7:15 से एक घंटे बिलंब के साथ प्रातः 8:15 बजे सिवनी पहुँची जहाँ दोनों ट्रेनो के प्रथम सिवनी आगमन पर बालाघाट सांसद डॉं. ढालसिंह बिसेन के मु य आतिथ्य एवं सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के आतिथ्य में आमजनता ने सिवनी रेल्वे स्टेशन पहुंची ट्रेनों के चालकों का शाल, श्रीफल व पुष्प मालाओं से आत्मीय स्वागत किया साथ ही ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रीगणों से वार्तालाप भी किया।

नागपुर मंडल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत चलने वाली गाडी सं या 09590 (सिवनी-बैतूल) पेंचवेली ऐ सप्रेस एवं गाडी सं या 14624/14623 (फिरोजपुर-छिंदवाडा-फिरोजपुर) पातालकोट को सिवनी रेल्वे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के कार्यकर्त्ता आमजन एवं मंडल रेल प्रबंधक सुश्री नमिता त्रिपाठी सहित रेल्वे के अधिकारियों व कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# 1387 बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात को बूथ समितियां सामूहिक रूप से सुनेगी

## जिले में भाजपा बनाएगी 100 वें एपिसोड को ऐतिहासिक




सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 100वें एपिसोड को सिवनी जिले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा ऐतिहासिक बनाने के लिये सभी मंडलो ने कार्य योजना बनाई है। 30 अप्रैल रविवार को प्रातः11 बजे से जिले के सभी 1387 बूथों पर मन की बात सुनी जाएगी। जिले की चारो विधानसभा क्षेत्रों सिवनी, बरघाट केवलारी एवं लखनादौन के सभी 1387 बूथों पर मन की बात का प्रसारण सामूहिक रूप से देखा जायेगा। प्रधानमंत्री जी के महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिये जिला भाजपा अध्यक्ष आलोक दुबे के निदेशानुसार प्रत्येक बूथ पर प्रभारी और अतिथि निर्धारित किये गये है।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस जारी विज्ञप्ति में बताया की भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री श्री मोदी के ÷मन की बात÷ कार्यक्रम को लेकर सभी 25 मंडलो में मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित की गई है। बैठकों में 100वें एपिसोड को ऐतिहासिक बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने सभी मंडलो के अध्यक्षो से कहा है की जिले के सभी 1387 बूथों पर मन की बात के 100वें एपिसोड का प्रसारण सुव्यवस्तिथ रूप से हो ऐसा सभी तय करे, साथ ही प्रत्येक विधानसभा में प्रमुख स्थान चयनित कर उनमें सामूहिक रूप से टीवी अथवा एलईडी के माध्यम से मन की बात का प्रसारण गरिमामय तरीके संपन्न किया जाये। इनमें प्रत्येक स्थान पर मन की बात सुनने वालों की सं या 100 या इससे अधिक रहे ऐसा सुनिश्चित करे। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दुबे ने भाजपा कार्यकर्ताओ पदाधिकारीयो व आमजन से प्रधानमंत्री के मन की बात के 100वें एपिसोड को अधिक से अधिक सं या में सुनने का आह्वान करते हुये कहा है कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक कार्यकर्त्ता और पदाधिकारियों की उपस्थिती सुनिश्चित होना चाहिये इस कार्यक्रम में समस्त जनप्रतिनिधि एवं मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों कार्यकर्त्ताओं को किसी न किसी बूथ पर उपस्थिती देना अनिवर्य है।

**÷संगठन एप पर कर सकेंगे ऑनलाइन इंट्री÷**

जिले के सभी बूथ पर मन की बात कार्यक्रम आयोजित होंगे। बूथ अध्यक्ष, महामंत्री व अन्य पदाधिकारीयो द्वारा संगठन एप के माध्यम से कार्यक्रम की ऑनलाइन इंट्री की जाएगी। इसमें संबंधित विधानसभा का नाम, बूथ का क्रमांक, उपस्थिति सं या, पता, फोटो सहित अन्य विवरण दर्ज किए जाएंगे।

## बिना अनुमति गौवंश का परिवहन में लिप्त वाहन राजसात

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने बिना अनुमति गौवंश का परिवहन करता पाए गए जप्त 2 वाहन क्रमश- यूपी 21 बीएन 8310 एवं वाहन क्र. यूपी 21 सीएन 1674 को राजसात करने के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि वाहन क्रमांक यूपी 21 बीएन 8310 को 16 जून 2022 को छपारा में कुल 57 नग मवेशी का परिवहन करते पाए जाने पर पुलिस द्वारा म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम अंतर्गत जप्त किया गया था। इसी तरह वाहन क्र. यूपी 21 सीएन 1674 को 6 फरवरी 2023 को घंसौर में कुल 34 नग गौवंश को बिना अनुमति परिवहन करते पुलिस द्वारा जप्त किया गया था। संबंधित थाना प्रभारियों को उल्लेखित वाहनों को राजसात करने के आदेश दिए गए हैं।

## लाड़ली बहना योजना अब तक 2.50 लाख महिलाओं ने कराया अपना पंजीयन

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने बताया कि जिले में लगभग 2.50 लाख से अधिक महिलाओं ने %%मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना%% अंतर्गत अपना पंजीयन करवाया है। योजना अंतर्गत पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। उन्होंने अपील की है कि ऐसी पात्र महिलाएं जिन्होंने किसी कारणवश अपना पंजीयन अबतक नहीं कराया है, वे सभी अनिवार्य रूप से नजदीकि शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीयन अवश्य कराएं। ताकि 10 जून 23 से उनके बैंक खाते में योजना अंतर्गत 1 हजार रूपये की राशि प्रतिमाह प्राप्त हो सके।

## आदतन अपराधी लक्ष्मण सनोड़िया जिला बदर

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी क्षितिज सिंघल ने पुलिस अधीक्षक सिवनी के प्रतिवेदन के आधार पर बंडोल थाना क्षेत्र के ग्राम चंदौरी कला के आदतन अपराधी लक्ष्मण सनोड़िया को एक वर्ष की कलावधि के लिए सिवनी तथा समीपवर्ती छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, बालाघाट एवं मण्डला जिले की राजस्व सीमा से निष्कासित करने के आदेश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया गया है कि अनावेदन के विरूध्द 2006 से 2020 तक कुल 7 अपराध एवं 7 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। किंतु अनावेदक की आपराधिक प्रवृत्ति में कोई भी सुधार नहीं आया है। लोक शांति एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा अनावेदक के विरूध्द जिला बदर की कार्यवाही की गई है।

# छपारा नगर परिषद में आर्थिक अनियमितताएं, पार्षदों ने की शिकायत

**कले टर सिवनी ने दिए जांच के आदेश**

छपारा यशोः- जिले की नगर पंचायत छपारा में वर्ष 2022-23 में हुई आर्थिक अनियमितताओं की शिकायत पार्षदों सहित छपारावासियों ने सिवनी कले टर से की है। वही मांग की गई है जांच करायी जाकर दोषियों के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाए। इस मामले में सिवनी कले टर क्षितिज सिंघल ने जांच के आदेश दिए है।

शिकायत में बताया गया कि नगर परिषद छपारा में स्थाई, नियमित, सफाई कर्मी की एक निश्चित सं या होते हुए भी प्रथम तिमाही व्यय 2,54,668 रूपये, द्वितीय तिमाही में 10,68,838 रूपये, तृतीय तिमाही में 5,12,304 रूपये व चतुर्थ तिमाही में 5,40,234 रूपये व्यय किया गया है जो संदेह जनक है। इसी तरह दैनिक वेतन भोगी मस्टररोल अधिकारी का भुगतान प्रथम तिमाही में 1233583 रूपये, द्वितीय तिमाही में 1161442 रूपये, तृतीय तिमाही में 2524266 रूपये एवं चतुर्थ तिमाही में 2218590 रूपये की शासकीय राशि व्यय की गई है, संदेह के दृष्टिकोण से पार्षदों ने सूक्ष्म जांच की मांग की है।

**चुनावी व्यय के नाम पर भुगतान**

नगरपरिषद छपारा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में द्वितीय तिमाही व्यय में 1,80,766/- व तृतीय तिमाही में 98515 रूपये एवं चतुर्थ तिमाही में 3,150 रूपये चुनाव व्यय के रूप में खर्च किये गये है। जबकि इस अवधि में कोई भी चुनाव स पन्न नहीं हुये है।




**7500 टिफिन का भुगतान**

शिकायत में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में पाठक टिफिन सेंटर को 7,500 टिफिन के देयक के रूप में किया गया है जो स्पष्ट रूप से इनकी आर्थिक अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को उजागर करता है। नए खरीदे गए अग्नि शामक यंत्र की मर मत के नाम पर अप्रैल 2022 से जून 2022 तक तीन माह में 4,70,649 रूपये, द्वितीय तिमाही में 51487 रूपये, तृतीय तिमाही में 76959 रूपये व्यय किया जाना संदेह के घेरे में है।

**सफाई की आड में खेल**

जल निस्तारण, कूड़े की सफाई के नाम पर करीब 18,0000 रू. नलकूप खनन के नाम पर करीब 5,00000 रू. से अधिक व अन्य मदों में भी अनावश्यक व्यय दर्शित किया गया है। मुरम ड प एवं जेसीबी के भुगतान के नाम पर भी लाखों रूपय की शासकीय राशि का व्यय दिखाकर गंभीर आर्थिक अनियमित्ता किया जाना शिकायतकर्त्ताओं रामेश्वर बंजारा, हेमलता सोनी, प्रीती सिंह, अहिल्या बाई सोनल श्रीवात्री ने बताया है।

# एफ.एम. रिले केन्द्रों का प्रधानमंत्री द्वारा आभासी उद्घाटन



सिवनी यशोः- शुक्रवार 28 अप्रैल को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 28 अप्रैल 2023 देश के कुल 91 एफ.एम. रिले केन्द्रों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत सिवनी जिले के रिले केन्द्र का वर्चुअल शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, विधायक श्री दिनेश राय एवं पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एफ.एम. रिले केन्द्र का सांकेतिक उद्घाटन किया गया। केन्द्र प्रारंभ हो जाने से सिवनी नगर सहित आसपास के 12 कि.मी. क्षेत्र में 100.10 मेगाहर्ट्ज आवृत्ति (एफ.एम. बैंड) पर रेडियो सेट पर प्रसारण सुना जा सकेगा। देश की सुरीली धड़कन कही जाने वाली विविध भारती सेवा इस केन्द्र के उद्घाटन से सिवनी क्षेत्र की जनता की दिनचर्या में शामिल हो जायेगी और हवामहल, भूले बिसरे गीत, संगीत सरिता और विशेष जयमाला जैसे अत्यंत लोकप्रिय कार्यक्रम लोग अब और अच्छी तरह सुन पायेंगे। साथ ही लोग विविध भारती भोपाल से अनुप्रसारित किये जाने वाले प्रादेशिक महत्व के महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी सुन सकेंगे।

# रोजगार सहायकों की कलमबंद हड़ताल स्थागित

सिवनी यशोः- ग्राम रोजगार सहायक / सहायक सचिव महासंघ म.प्र. के आहवान पर मध्यप्रदेश के समस्त ग्राम रोजगार सहायक अपनी मांगो को लेकर 13 मार्च से अनिश्चितकालीन कलमबंद सामूहिक हड़ताल पर थे भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे के नेतृत्व में रोजगार सहायक महासंघ के प्रतिनिधियों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार एवं गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से भेंट की भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व ने ग्राम रोजगार सहायक महासंघ के प्रतिनिधियों को समझाईश देते हुये उनकी मांगो को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया। भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व की समझाईश से संतुष्ट होकर रोजगार सहायक महासंघ ने अपनी अनिश्चित कालीन कमलबंद हड़ताल को स्थागित करने का फैसला लिया है।

**भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे के प्रयास से हुआ संभव**

रोजगार सहायक महासंघ के प्रतिनिधियों ने सामूहिक हस्ताक्षर युक्त पत्र जारी करते हुये बताया कि उन्होंने अपनी विभिन्न मांगो से संबंधित ज्ञापन प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी को उनके जिले के केवलारी प्रवास के दौरान सौंपा था माननीय मु यमंत्री जी ने भी मांगे पूर्ण करने का आश्वसन दिया था। प्रदेश के मु यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिये गये आश्वसन के आधार पर रोजगार सहायक / सहायक सचिव महासंघ के जिलाध्यक्ष रूपेश शर्मा सहित समस्त ब्लाक अध्यक्षों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त पत्र जारी कर अनिश्चित कालीन कमल बंद हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की है। रोजगार सहायक / सहायक सचिव महासंघ के जिला अध्यक्ष रूपेश शर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे के प्रयासों के लिये धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा है कि भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व एवं मु यमंत्री जी के आश्वासन से सार्थक परिणामों की प्रत्याशा में हड़ताल स्थागित की जा रही है परंतु मांगो पर शीघ्र सहानुभूतिपूर्व क विचार न होने पर हड़ताल पुनः प्रारंभ की जायेगी।

### जबरन नॉलेज




# रेल विकास समिति ने पेंचवेली एवं पतालकोट ए सप्रेस ट्रेन का किया स्वागत

## नैनपुर-छिंदवाड़ा पैसेंजर का समय बदलने की मांग



सिवनी यशोः-सिवनी रेल विकास समिति के लोगों ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन जाकर, पहली बार सिवनी स्टेशन पहुंची पेंचवेली और पतालकोट ऐ सप्रेस ट्रेन के चालक दल को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया एवं मुहं मीठा कराया। इन ट्रेनों के सिवनी से संचालन के लिए समिति पिछले एक साल से मांग कर रही थी जो आज पूरी हो गई। इसके पश्चात सांसद एवं डीआरएम नमिता त्रिपाठी का पुष्प गुच्छ से समिति द्वारा स मान किया।

सिवनी रेल विकास समिति ने सांसद एवं डी आर एम से ट्रेनों के समय के संबंध में चर्चा किया, जिसमें उन्हें अवगत कराया गया कि सिवनी से छिंदवाड़ा की ओर जाने के लिए सुबह लगातार 3.50 पर रीवा इतवारी, 5.30 पर पेंचवेली, 6.00 पैसेंजर एवं 7.45 पर पतालकोट है। सुबह लगातार चार गाड़ी छिंदवाड़ा की ओर जाने के लिए है, इसके बाद कोई गाड़ी नहीं है।

अत सुबह 6.00 सिवनी से निकलने वाली नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा पैसेंजर ट्रेन का का समय परिवर्तन कर सुबह नैनपुर से 7.30 छूटे और 9.00 सिवनी होते हुए 10.30 बजे तक छिंदवाड़ा पहुंचे। इस अवसर पर समिति के घनश्याम सनोडिया, दीपक मेहंदिरत्ता, नरेंद्र तिवारी, किशोर सनोडिया, अंचल चौरसिया, मोनू पाराशर, राज साहू, सत्यम सूर्यवंशी, राजकुमार कश्यप, संदीप मानाठाकुर सहित अन्य लोग की उपस्थिति रही।